**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2698**

**(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर के लिए)**

# आरटीआई आवेदन

**2698. श्री एंटो एंटोनीः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस वर्षों के दौरान दायर किए गए आरटीआई आवेदनों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान दायर कितने प्रतिशत आरटीआई आवेदनों का सफलतापूर्वक निपटान कर दिया गया है;
(ग) वर्तमान में कितने आरटीआई आवेदन लंबित हैं; और
(घ) विगत दस वर्षों के दौरान सबसे अधिक आरटीआई आवेदन प्राप्त करने वाले लोक प्राधिकारियों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) से (ग):** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, विगत दस वर्षों में दायर किए गए और लोक प्राधिकारियों द्वारा निस्तारित आरटीआई आवेदन पत्रों का ब्यौरा **संलग्नक** में दिया गया है।

**(घ):** 2013-14 से 2021-22 तक के वर्षों के दौरान, वित्त मंत्रालय को सर्वाधिक संख्या में आरटीआई आवेदन पत्र प्राप्त हुए। वर्ष 2022-23 के दौरान, कार्पोरेट मामले मंत्रालय को सर्वाधिक संख्या में आरटीआई आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

**संलग्नक**

विगत दस वर्षों के दौरान लोक प्राधिकारियों द्वारा आरटीआई अनुरोधों का निस्तारण:

| क्रम सं. | वर्ष | आरटीआई अनुरोधों का अथ शेष | रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्राप्त हुए आरटीआई अनुरोधों की संख्या | आरटीआई अनुरोधों की कुल संख्या | अस्वीकृत आरटीआई अनुरोधों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ)=(ग) + (घ) | (च) |
| 1. | 2013-14 | 128447 | 834183 | 962630 | 60127 |
| 2. | 2014-15 | 89785 | 755247 | 845032 | 63351 |
| 3. | 2015-16 | 188538 | 976679 | 1165217 | 64666 |
| 4. | 2016-17 | 212430 | 915749 | 1128179 | 60428 |
| 5. | 2017-18 | 215466 | 1233207 | 1448673 | 63206 |
| 6. | 2018-19 | 259919 | 1370129 | 1630048 | 64344 |
| 7. | 2019-20 | 310110 | 1374315 | 1684425 | 58634 |
| 8. | 2020-21 | 348410 | 1333802 | 1682212 | 51390 |
| 9. | 2021-22 | 410907 | 1421226 | 1832133 | 53733 |
| 10. | 2022-23 | 441861 | 1638784 | 2080645 | 52662 |

स्रोतः https://cic.gov.in/circular-reports-conventions पर केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) की वार्षिक रिपोर्ट

***************